आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–04 मई 2025 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- बच्चों को पौष्टिक आहार देने के लिए शुरू होगी मुख्यमंत्री सुपोषण योजना। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान दिए निर्देश।
- 500 शहरों में नीट यूजी दो हजार पच्चीस प्रवेश परीक्षा आज, एनटीए ने किया है त्रिस्तरीय निगरानी का प्रबंध।
- सूचना और प्रसारण राज्यमंत्री डॉ. एल मुरूगन ने कल वेव्स शिखर सम्मेलन के दौरान भारत की लाइव इवेंट इकोनॉमी, ए स्ट्रटीजिक ग्रोथ इम्परेटिव विषय पर श्वेत पत्र किया जारी।
- मौसम विभाग ने आज और कल प्रदेश के विभिन्न जनपदों में गरज और चमक के साथ बारिश की जताई संभावना।

**********

सुपोषित उत्तर प्रदेश की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में प्रदेश सरकार ने एक और निर्णायक कदम उठाते हुए 'मुख्यमंत्री सुपोषण योजना' प्रारम्भ करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही प्रदेश के सभी जनपदों में टेक होम राशन– टी.एच.आर. की इकाइयां भी स्थापित की जाएंगी।

पेश है एक रिपोर्ट

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के कार्यों की समीक्षा की। श्री योगी ने कहा है कि सतत पोषण सहायता के दृष्टिगत 03 से 06 वर्ष तक के सभी पंजीकृत बच्चों को प्रातःकाल पौष्टिक स्वल्पाहार उपलब्ध कराने हेतु 'मुख्यमंत्री सुपोषण योजना' प्रारम्भ की जानी चाहिए। यह योजना डॉ0 भीमराव आंबेडकर जीरो पॉवर्टी मिशन के अंतर्गत चिन्हित गरीब परिवारों के लिए एक बड़ी सौगात होगी। इसके साथ ही, आकांक्षात्मक जनपदों और आकांक्षात्मक विकासखण्डों को भी इससे लाभान्वित किया जाए। इसे लेकर विस्तृत कार्ययोजना यथाशीघ्र तैयार की जाए। समाचार कक्ष से विवेक सिंह**

उधर, मुख्यमंत्री ने विकास प्राधिकरणों में भवन मानचित्रों के लंबित प्रकरणों का एक मुश्त निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कल लखनऊ में आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करते हुए यह भी निर्देश दिए कि सभी नगरों के जीआईएस आधारित मास्टर प्लान मई माह के अंत तक अनुमोदित कराए जाएं।

बैठक में विभागीय कार्ययोजना का आकलन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरी नियोजन, आवासीय सुरक्षा, अधोसंरचना विकास एवं डिजिटल प्रबंधन जैसे सभी घटकों को एकीकृत दृष्टिकोण से लागू करना आवश्यक है।

इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने कल राजस्व विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक भी की। मुख्यमंत्री ने बैठक में दो महत्वपूर्ण बिंदुओं राजस्व वादों के समयबद्ध निस्तारण और भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि इन कार्यों को प्रत्येक स्तर पर तीव्र गति से पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि शेष भू–अभिलेखों का डिजिटलीकरण शीघ्र पूर्ण किया जाए और शहरी क्षेत्रों का लैंड रिकॉर्ड तैयार कर उसे प्राथमिकता से ऑनलाइन पोर्टल पर सार्वजनिक किया जाए।

**********

मेडिकल के स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली नीट यूजी दो हजार पच्चीस की परीक्षा आज त्रिस्तरीय निगरानी में देश भर में होगी। परीक्षा के लिए 500 शहरों में पांच हजार चार सौ तिरपन केंद्र बनाए गए हैं। जहां, बाइस दशमलव सात लाख अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। अनुचित साधनों का इस्तेमाल करने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा में बैठने से तीन साल का प्रतिबंध लगाने के साथ ही आपराधिक कार्रवाई भी की जाएगी। कल परीक्षा की तैयारियों को लेकर सभी केंद्रों पर मॉक ड्रिल की गई।

**********

प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कल मिर्जापुर के ग्राम लखनपुर में एक पौध रोपण कार्यक्रम में कहा कि जल और हरियाली दोनों का गहरा संबंध है। उन्होंने ग्रामीणों और अधिकारियों से अपील की कि प्रत्येक जलस्रोत के आसपास कम से कम सौ पौधे अवश्य लगाए जाएं। श्री सिंह ने इससे पूर्व राजकीय नलकूप का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जलशक्ति मंत्री ने नलकूप की कार्य प्रणाली, सिंचाई व्यवस्था और तकनीकी स्थिति की जानकारी अधिकारियों से प्राप्त की और उन्हें आवश्यक निर्देश दिए।

**********

सहारनपुर में एमपी–एमएलए अदालत ने दुष्कर्म के मामले में पूर्व एमएलसी महमूद अली को 12 साल की सजा सुनाई है। जबकि हाजी इकबाल के बेटे जावेद, अफजाल और आलीशान को पांच–पांच साल की सजा सुनाई गई है। अदालत ने महमूद अली पर पांच लाख रुपये जुर्माना और बाकी तीनों दोषियों पर दो–दो लाख का जुर्माना लगाया है। विशेष लोक अभियोजक ने बताया कि एक

महिला ने 21 जून 2022 को महिला थाने में महमूद अली के खिलाफ दुष्कर्म और जावेद, अफजाल और आलीशान पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया था।

**********

सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने कल मुंबई में वेव्स शिखर सम्मेलन के दौरान भारत की लाइव इवेंट इकोनॉमी, ए स्ट्रटीजिक ग्रोथ इमपरेटिव विषय पर श्वेत पत्र जारी किया।

युवा मामले और खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने कहा कि सरकार भारत के देशज और पारंपरिक खेलों को वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय बनाने का प्रयास कर रही है, ताकि उन्हें ओलंपिक और राष्ट्रमंडल खेल जैसे अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में शामिल किया जा सके। वेव्स सम्मेलन के दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा कि देशज और पारंपरिक खेल केवल प्रतियोगिता का माध्यम नहीं हैं, बल्कि वे संस्कृति में रची–बसी परंपराओं का जीवन्त अनुभव हैं। सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू ने कहा है कि वेव्स बाजार 2025 ने एक हजार करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया है।

**वेव्स बाजार में लगभग हजार करोड़ की खरीद–फरोख्त अभी तक हो चुकी है। बहुत सारे सेशन्स, थॉट लीडर्स का आना, उनकी नेटवर्किंग, उनकी कॉनवर्सेशन्स ये सब हमारे देश की मीडिया और एंटरटेंमेंट इंडस्ट्री को आगे बढ़ाने में एक मील का पत्थर बनकर साबित होगी।**

**********

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने कल अयोध्या में राम मंदिर परिसर में बनने वाले संग्रहालय और उद्यान की प्रगति पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह संग्रहालय अप्रैल 2026 तक श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया जाएगा।

***म्युजियम श्रद्धालुओं के लिये एक सार्वजनिक दृष्टि से अप्रैल 2026 तक जो है इसकी अनुमति दे दी जायेगी कि वहां पर श्रद्धालु आ सके और जो भी गैलरीज है वो आ करके देख सके।***

पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए श्री मिश्रा ने कहा कि मंदिर परिसर को जीरो डिस्चार्ज नीति के तहत विकसित किया जाएगा। इसके लिए 8 एकड़ भूमि पर एक विशाल उद्यान विकसित करने का निर्णय लिया गया है, जिसे पंचवटी नाम दिया जाएगा।

**********

कार्यस्थल पर महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ प्रभावी कदम उठाने के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार ने शी बॉक्स पोर्टल के माध्यम से शिकायत निवारण प्रणाली को मजबूत किया है।

***मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सभी सरकारी और निजी संस्थानों में आंतरिक समिति के गठन को अनिवार्य किया गया है, जिसके तहत अब तक 84 विभागों ने समिति बनाकर इसकी जानकारी पोर्टल पर अपलोड कर दी है।सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि प्रदेश के सभी 75 जिलों में यह व्यवस्था लागू हो। जहां 10 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, वहां आंतरिक समिति का गठन अनिवार्य है, जिसमें कम से कम 50 प्रतिशत महिला सदस्य होंगी और समिति की अध्यक्ष भी महिला ही होगी। आकाशवाणी समाचार कक्ष से जूही श्रीवास्तव।***

**********

प्रदेश के समूह ग की भर्तियों के लिये प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा पीईटी के लिये ऑनलाइन आवेदन और शुल्क जमा करने की प्रक्रिया 14 मई से 17 जून तक होगी। शुल्क समायोजन व आवेदन में संशोधन 24 जून तक किया जा सकेगा।

**********

मौसम विभाग ने आज और कल के लिए प्रदेश के कई जिलों में गरज चमक के साथ बारिश का अनुमान जताया है। इस दौरान कई जगहों पर 50 किलोमीटर से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की दर से तेज हवाएं चलने की भी संभावना है।

**********

आईपीएल क्रिकेट में कल खेले गए मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने चेन्नई सुपर किंग्स को रोमांचक मुकाबले में दो रनों से पराजित कर आगे की राह बनाई है। बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम पर पहले बल्लेबाजी करते हुए बेंगलुरू ने 213 रनों का लक्ष्य निर्धारित किया। जवाब में उतरी चेन्नई सुपर किंग्स 211 रन ही बना सकी।

**********